115

मध्यप्रदेश शासन
गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय

क्रमांक.एफ.3–59/2012/बी–3/दो, भोपाल, दिनांक /10/2013

प्रति,

पुलिस महानिदेशक,
पुलिस मुख्यालय
भोपाल

विषयः–12वीं पंचवर्षीय योजना 2012–17 के अंतर्गत विशेष सशस्त्र बल तथा अन्य पुलिस प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के विस्तृत कार्ययोजना की परियोजना प्रतिवेदन की स्वीकृति।

——00——

राज्य शासन एतद् द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012–17 के अंतर्गत विशेष सशस्त्र बल तथा अन्य पुलिस प्रशिक्षण संस्थाओं के पुनर्गठन एवं उन्नयन के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन पर परियोजना परीक्षण समिति की बैठक दिनांक 30.08.2013 में की गई अनुशंसाओ के अनुसार निम्नानुसार स्वीकृति प्रदान करता है :–

(1) विशेष सशस्त्र बल के 6 प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन की परियोजना हेतु सैद्वान्तिक सहमति दी जाती हैं।

(2) वर्ष 2013–14 के बजट में इस परियोजना के लिए उपलब्ध प्रावधान की सीमा के अन्दर परियोजना के कियान्वयन की अनुमति दी जाती है इसी परिप्रेक्ष्य में राशि रूपये 8.00 करोड़ (रूपये आठ करोड़ मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाती हैं।

(3) उक्त व्यय मांग संख्या 03–लेखा शीर्ष 4055–पुलिस पर पूंजीगत परिव्यय 2013–अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण, 0101–राज्य आयोजना(सामान्य) (7183) विशेष सेवा बल एवं अन्य पुलिस प्रशिक्षण संस्थाओं का पुर्नगठन, 64–वृहद निर्माण कार्य, 001–वृहद निर्माण कार्य मद के अंतर्गत विकलनीय होगा।

(4) आगामी चरणों की परियोजनाओं का विरतृत प्राक्कलन तैयार कर अनुमोदन प्राप्त किया जाए।

(5) अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों के परिप्रेक्ष्य में चौदहवें वित्त आयोग में भी इस परियोजना को प्रस्तावित किया जाए।

——2——

116

6/ यह स्वीकृति वित्त विभाग के यू.ओ. क्र0 1094/13/ब–8/चार/2013 दिनांक 09.10.2013 वित्त विभाग की सहमति प्राप्त करने के उपरान्त जारी की गयी हैं।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(लक्ष्मीकान्त द्विवेदी)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,गृह विभाग

पृ.क्रमांक.एफ.3–59/2012/बी–3/दो,
भोपाल, दिनांक 28/10/2013

प्रतिलिपिः–

1. महालेखाकार म0प्र0 ग्वालियर।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग मंत्रालय भोपाल।
3. सचिव, समन्वय मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव, कार्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
4. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म0प्र0 निर्वाचन सदन 17 अरेरा हिल्स भोपाल।
5. अति0 पुलिस महानिदेशक (वि0स0बल) पुलिस मुख्यालय भोपाल।
6. आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश पर्यावास भवन भोपाल।
7. संबंधित कोषालय अधिकारी.. मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

8. गार्ड फाईल।

28/10/13

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,गृह विभाग